आकाशवाणी श्री विजयपुरम

17.10.2025 समय : 1905

1. श्रीलंका की प्रधानमंत्री डॉ. हरिनी अमरसूर्या ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।

2. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नासिक स्थित हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के नए निर्माण केन्द्र से बने पहले तेजस एलसीए एमके–वन–ए लड़ाकू विमान का अनावरण किया। कहा– यह विमान रक्षा क्षेत्र में देश की आत्मनिर्भर उड़ान का प्रतीक।

3. केरल के एलेप्पी में आयोजित दसवीं ऑल इंडिया इंटर साई कैनॉइंग और कयाकिंग चैम्पियशिप में द्वीपों के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ठ प्रदर्शन करते हुए कुल छत्तीस पदक जीते।

4. विकसित भारत युवा कनेक्ट प्रोग्राम के तहत अंडमान लॉ कॉलेज में जिला स्तरीय युवा संवाद– दो हजार पच्चीस का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

श्रीलंका की प्रधानमंत्री डॉ. हरिनी अमरसूर्या ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। श्री मोदी ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। श्री मोदी ने कहा कि उनकी यात्रा ऐतिहासिक और बहुआयामी भारत–श्रीलंका संबंधों को नई गति प्रदान करेगी। श्री मोदी ने इस वर्ष अप्रैल में अपनी श्रीलंका यात्रा का स्मरण किया। यात्रा के दौरान उन्होंने श्रीलंकाई राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायका के साथ सहयोग के सभी क्षेत्रों पर उपयोगी चर्चा की थी। दोनों नेताओं ने शिक्षा, प्रौद्योगिकी, नवाचार विकास सहयोग और मछुआरों के कल्याण सहित कई क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने दोनों देशों की साझा विकास यात्रा में साथ मिलकर काम करने की भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। श्री मोदी ने राष्ट्रपति दिसानायका को अपनी शुभकामनाएँ दीं और कहा कि वे उनके साथ निरंतर संपर्क बनाए रखने के लिए उत्सुक हैं।

<><><><><><><>

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड की नासिक उत्पादन इकाई में बने पहले तेजस एलसीए एमके वन ए लड़ाकू जेट विमान का अनावरण किया। इस अवसर पर रक्षा मंत्री ने एचटीटी–40 प्रशिक्षु विमान बनाने वाली इकाई का शुभारंभ किया। श्री सिंह ने नासिक डिवीजन में निर्मित सुखोई–30, एलसीए और एचटीटी–40 विमानों की सराहना की और कहा कि इनकी उड़ान रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की उड़ान है। श्री सिंह ने कहा कि इनकी उड़ान रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की उड़ान है।

<><><><><><><>

सर्वोच्च न्यायालय ने डिजिटल अरेस्ट मामलें को गंभीरता से लेते हुए केंद्र और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई से जवाब मांगा है। सर्वोच्च न्यायालय ने ऐसे मामलों का स्वतः संज्ञान लिया है, जिनमें धोखेबाज़ कानून प्रवर्तन एजेंसियों या न्यायिक अधिकारियों का रूप धारण करके नागरिकों, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों को ठगी का शिकार बनाते हैं। यह कार्रवाई हरियाणा के अंबाला की तिहत्तर वर्षीय महिला की शिकायत पर की गई। महिला ने कहा कि धोखेबाजों ने सर्वोच्च न्यायालय के जाली आदेशों का इस्तेमाल कर उसे तथाकथित डिजिटल अरेस्ट में फंसाया और एक करोड़ रुपये से अधिक की उगाही की।

<><><><><><><>

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि इस वर्ष के अंत तक देश में माल ढुलाई की लागत काफी कम हो जाएगी। आज नई दिल्ली में एसोचैम के वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री गडकरी ने कहा कि फिलहाल देश में माल ढुलाई की लागत अमरीका और चीन जैसे कुछ देशों से ज्यादा है, जिससे निर्यातों पर असर पड़ता है। श्री गडकरी ने कहा कि निर्यात बढ़ाना देश का सबसे अहम एजेंडा है जिसे पूरा करने के लिए ढुलाई की लागत कम करना, परिवहन सुविधाओं को बेहतर बनाना और स्वदेशी उत्पादन को बढावा देना जरूरी है। ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों को बढावा देने के बारे में श्री गडकरी ने बताया कि कृषि क्षेत्र के साथ–साथ ऊर्जा और बिजली क्षेत्र में भी ध्यान देने

से आयात कम किए जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि हाइड्रोजन ही भविष्य का ईंधन बनेगी और भारत पर्यावरण संबंधी जिम्मेदारी निभाकर प्रमुख ऊर्जा–निर्यातक देश बन सकता है।

<><><><><><><>

केरल के एलेप्पी में आयोजित दसवीं ऑल इंडिया इंटर साई कैनॉइंग और कयाकिंग चैम्पियशिप दो हजार पच्चीस–छब्बीस में द्वीपों के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ठ प्रदर्शन करते हुए कुल छत्तीस पदक जीते। कोच कर्मा टोप्पों के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। मुख्य पदक विजेताओं में ऋषिका कुमारी एक्का ने पांच, सबनम खलखो ने तीन, अंकिता केरकेट्टा ने तीन और पी शशिकरण ने चार पदक अपने नाम किए।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों को मिल रहा है।

<><><><><><><>

अंडमान लॉ कॉलेज में जिला स्तरीय युवा संवाद– दो हजार पच्चीस का आयोजन बीस नवम्बर को किया जाएगा। यह कार्यक्रम विकसित भारत युवा कनेक्ट प्रोग्राम के तहत युवा कार्य और खेल मंत्रालय द्वारा संचालित किया जा रहा है। इस वर्ष युवा संसद का विषय होगा– पचास वर्षों की आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक। इस कार्यक्रम में अटठारह से पच्चीस वर्ष आयुवर्ग के छात्र और गैर छात्र प्रतिभागी इसमें भाग ले सकेंगे। शीर्ष दस प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तरीय दौर के लिए किया जाएगा जो नई दिल्ली में आयोजित होगी।

<><><><><><><>

हज–2026 के लिए एक राज्य हज निरीक्षक के चयन हेतु योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदनकर्ता द्वीप समूह के स्थायी निवासी हो और पन्द्रह अक्टूबर दो हजार छब्बीस तक उनकी आयु पचास वर्ष से अधिक न हो। केंद्र या राज्य सरकार के समूह "ए" अधिकारी पात्र नहीं हैं। चयनित उम्मीदवार पर व्यय का पचास प्रतिशत हज समिति ऑफ इंडिया तथा शेष पचास प्रतिशत अंडमान और निकोबार द्वीप समूह राज्य हज समिति द्वारा वहन किया जाएगा। पूर्ण आवेदन पत्र एवं एन ओ सी सहित पन्द्रह नवम्बर तक गोलघर स्थित राज्य हज समिति कार्यालय में जमा किया जा सकता है। चयन प्रक्रिया में कम्प्युटर आधारित परीक्षा, साक्षात्कार एवं चिकित्सा परीक्षण शामिल होंगे। आवेदन पत्र समिति की वेबसाइट hajcommitte.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए राज्य हज समिति समाज कल्याण निदेशालय गोलघर से सम्पर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>